Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, website: www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

HAPPY INDEPENDENCE DAY

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं

HAPPY INDEPENDENCE DAY

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष २८ अंक १५ इलाहाबाद रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ अगस्त २०१८ पृष्ठ ८ मूल्य: १०+०५ रु.मात्र

# भारतीय रेलवे के बेड़े में शामिल हुई अत्याधुनिक रेल पथ अनुरक्षण मशीन

## "मेक इन इंडिया" के तहत भारत में किया गया आयातित कलपुर्जों से मशीनों का निर्माण

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने कुछ समय पूर्व एकीकृत रेलपथ अनुरक्षण की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी की शुरूआत करते हुए तीन 09-3X डायनेमिक टैम्पिग एक्सप्रेस मशीन, एक बैलास्ट क्लीनिंग मशीन और एक प्वाईंट्स और क्रासिंग टैम्पिंग मशीन सहित कुल ५ मशीनों को अपने बेड़े में शामिल किया था । ऐसी उच्च दक्षता वाली तीन और मशीनों को भारतीय रेलवे के मौजूदा ८८३ रेल पथ अनुरक्षण मशीनों के मौजूदा बेड़े में शामिल किया जा रहा है। इसके साथ १८ लाख रूपये की लागत से ऐसे कोच भी तैयार किए गए हैं जिनसे ट्रैक मशीन के कर्मचारियों के अस्थायी आवास की आवश्यकता को भी पूरा किया जा सकता है । इन मशीनों का उदघाटन माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा दिनांक २६/ ०७/२०१८ को नई दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड के सदस्य, इंजीनियरिंग, एम. के. गुप्ता, उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, विश्वेश चौबे, रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक/ट्रैक मशीन, ए. के. खंडेलवाल और दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक, आर० एन० सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड और उत्तर रेलवे के अनेक वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे । लगभग २७ करोड़ रूपये प्रत्येक की लागत वाली नई 09-3X डायनेमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस एक नवीनतम उच्च आउटपुट वाली एकीकृत टैम्पिंग मशीन है, जिसके विविध फंक्शन द्वारा किए जाते रहे हैं। यह प्री एवं पोस्ट ट्रेक ज्यामिती की पैमाइश कर सकती है, अपेक्षित ज्यामिती के अनुसार ट्रेक को ठीक कर सकती हैं, एक साथ तीन स्लीपरों को टेम्प कर सकती है, पोस्ट टैम्पिंग ट्रेक पैरामीटरों को स्टेबलाइज कर सकती है तथा उसकी पैमाइश कर सकती है ताकि गुणवत्तापरक कार्य सुनिश्चित हो सके। इससे एक अलग स्टेब्लाइजेशन मशीन की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी जिससे परिचालन लागत और ट्रेक पोजेशन टाइम में कमी आएगी। यह मशीन रेलगाड़ियों के सुरक्षित आवागमन के लिए ढीली पड़ी पत्थर की गिट्टी को वाइब्रेट एवं कांपेक्ट करेगी। इन मशीनों का निर्माण "मेक इन इंडिया" प्रयासों के तहत आयातित कलपुर्जों के साथ भारत में ही किया गया है। अगले तीन वर्षों के दौरान भारतीय रेलवे के अनुरक्षण बेड़े में ४२ और ऐसी मशीनें शामिल किए जाने की योजना है। इससे भारतीय रेलवे पर रेलपथों की संरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा बचत में और सुधार होगा। साथ ही, अनुरक्षण कार्यों के बाद रेलपथ की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए मानवीय पैमाइश की आवश्यकता को भी समाप्त किया जा सकेगा। अब एक ही मशीन में मैनुअल इंटरफेस सहित तीन तरह की कार्यों को एक साथ मिलाया गया है। ऐसी उन्नत रेलपथ अनुरक्षण मशीनों के तात्कालिक व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए एक नया ३-डी आधुनिकतम टैम्पिंग सिम्युलेटर हाल ही में भारतीय रेलपथ मशीन प्रशिक्षण केन्द्र, इलाहाबाद में स्थापित और आरंभ किया गया है । इस प्रकार का उन्नत प्रौद्योगिकी वाला सिम्युलेटर इस समय भारत सहित केवल पांच देशों में उपलब्ध है। भारतीय रेलवे की वर्ष २०२४ तक रेलपथ के निरीक्षण, म निटरिंग, पटरी बिछाने और अनुरक्षण कार्यों के पूर्णत: मेकेनाइजेशन किए जाने की योजना है। पृष्ठभूमि :- रेल पथों का रख-रखाव और संरक्षा मानकों के उच्च स्तर को बनाए रखने के लिए भारतीय रेलवे विश्व में उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों और तकनीक का उपयोग करती है। उत्तर रेलवे ने ब्राडगेज रेल पथों के लिए "डायनेमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस" मशीन को अपने बेडे में शामिल किया है। रेलवे बोर्ड के सदस्य, इंजीनियरिंग, एम.के. गुप्ता ने हाल ही में उत्तर रेलवे पर इस मशीन को शामिल किया है। जब को रेलगाड़ी सामान्तर पटरियों पर चलती है तो उससे बहुत अधिक बल उत्पन्न होता है जैसे-जैसे गाड़ी की गति बढती है पटरियों पर दबाव भी बढ़ता जाता है। पटरियों, स्लीपरों और गिट्टियों से तैयार रेल पथ एक इलास्टिक सिस्टम है जो रेलगाड़ी के गुजर जाने के बाद वापस अपनी पूर्व स्थिति में आ जाता है किंतु समय के साथ और रेल पटरियों पर निरंतर दबाव पड़ने से इस सिस्टम के तत्व के विचलित होने की संभावना होती हैं। रेलगाड़ियों के सुगम और दुर्घटना रहित परिचालन के लिए नियमित अंतरालों पर लेवलिंग, लिफ्टिंग, लाइनिंग और टैम्पिंग जैसे अनुरक्षण कार्य करने पड़ते हैं। टैम्पिंग वह प्रक्रिया है जो स्लीपरों के नीचे गिट्टी को दबाकर पुनः व्यवस्थित करती है ताकि पटरियां सही स्थिति में रहे। नई 09-3X डायनेमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस एक सैल्फ प्रोपैल्ड, बाई डायरेक्शनल सिंगल यूनिट हाई आउटपुट टैम्पिंग और स्टैब्लिाइजिंग मशीन है। इस मशीन से इंटिग्रेटिड स्टैब्लिाइजेशन ट्रेलर की भी सुविधा मिलती है। इससे एक अलग स्टैब्लिाइजिंग मशीन की आवश्यकता समाप्त होती है जो परिचालन लागत और ट्रेक पजेशन को कम करता है। यह मशीन नवीनतम मापक एवं रिकार्डिग उपकरणों से सुसज्जित है। इस मशीन द्वारा टैम्पिंग किये जाने के बाद बिना किसी अतिरिक्त मेजरिंग रन के सभी जरूरी ट्रैक पैरामीटरों का कार्य सुनिश्चित हो जाता है। इससे परिचालन लागत और ट्रैक पजेशन में कमी आती है।



### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# रेलमंत्री ने दिलवाई "सत्यनिष्ठा" की शपथ

## कार्य संस्कृति को बेहतर बनाते हुए उसमें लानी होगी पारदर्शिता -पीयूष गोयल



रे.स.ब्यू./सू. नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में शासन में नैतिकता पर आधारित एक कार्यक्रम के आयोजन में "मिशन सत्यनिष्ठा" का शुभारम्भ किया। सरकारी संगठन द्वारा आयोजित अपनी तरह के पहले कार्यक्रम में रेलमंत्री पियूष गोयल ने इस कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को शपथ दिलवाई।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, अश्विनी लोहानी ने कार्यक्रम का उदघाटन किया और प्रतिभागियों को विषय से अवगत करवाया। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, विश्वेश चौबे के नेतृत्व में उत्तर रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए माननीय रेलमंत्री ने कहा कि "लोगों से संगठन का परिचय मिलता है और संगठन से लोगों का। अतः कार्य संस्क ति को बेहतर बनाते हुए उसमें पारदर्शिता लानी है।

सूचनाएं सार्वजनिक क्षेत्रों में भेजी जानी चाहिएं ताकि उपयोगकर्ताओं से सृजनात्मक सुझाव मिल सकें ।" उन्होंने आगे कहा कि "किसी भी प्रणाली में कार्य के प्रति रूचि का अभाव भी अनैतिक आचरण की तरह ही है और इसे भी एक प्रकार से भ्रष्टाचार से कम न समझा जाये।" सार्वजनिक जीवन में नैतिकता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा जैसे विषय शासन में चिंता का विषय रहे हैं।

इस संदर्भ में, यह बेहद जरूरी है कि सभी रेल कर्मचारी सदैव सही आचरण और सत्यनिष्ठा का पालन करें।"मिशन सत्यनिष्ठा" का शुभारम्भ सभी रेल कर्मचारियों को कार्य में सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों का निर्वहन करते हुए नैतिकता का आचरण करने के प्रति जागरूक किया । इस उद्देश्य के लिए समूचे भारतीय रेलवे पर चर्चाओं और वक्तव्यों का आयोजन किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य:- १. प्रत्येक कर्मचारी को निजी और सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को समझने की आवश्यकता के संबंध में प्रशिक्षित करना। २. जीवन और शासन में नैतिक दुविधाओं से निपटना। ३. नैतिकता और सत्यनिष्ठा पर भारतीय रेलवे की नीतियों को समझने में उसे बनाए रखने में कर्मचारियों की भूमिका बताना। ४. अंतर आत्मा की आवाज के माध्यम से आंतरिक शासन विकसित करना।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रेल संग्रहालय से सभी क्षेत्रीय रेलों, मंडलों और उत्पादन इकाईयों को वीडियो लिंक के जरिये सीधा प्रसारित किया गया।

**ट्रेन की छत,पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें जिससे जान व माल की हानि हो।**

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समयपालन**

# कुम्भ नगरी में सफाई व्यवस्था बेपटरी

रे.स.ब्यू./सू. इलाहाबाद। कुम्भ नगरी में इन दिनों बारिश के कारण पटरी से उतर चुकी है. जगह-जगह खुले गड्ढे और कूड़े के अम्बार राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुके हैं, आलम यह है कि बारिश के बहाने सफाई कार्य में लगी कंपनी के संचालक वार्डो में जाते ही नहीं है। सफाई कार्य में लगी हरी-भरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कहा कि कंपनी अनुबंध के शर्तो का पालन नहीं कर रही है, बार-बार की बैठकों और निर्देशों के बावजूद के बाद हरी-भरी की कार्यप्रणाली में असर नही पड़ रहा है, सूत्रों के अनुसार इससे पहले भी हरी-भरी के ऊपर जुर्माना लगा कर सफाई का कार्य छीन लिया गया था, फिर ऊपर से पड़े दबाव के चलते फिर कार्य सौंप दिया गया।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# मं.रे.प्र.इलाहाबाद द्वारा विन्ध्याचल एवं मिर्जापुर स्टेशन का निरीक्षण

रे.स.ब्यू./संवा.इलाहाबाद। मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद अमिताभ ने मंडल के अधिकारियों के साथ दिनांक १७.०७.२०१८ को विंध्याचल एवं मिर्ज़ापुर स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्लेटफार्म सं ०१ एवं ०२/०३ पर निर्माणाधीन एस्कलेटर और लिफ्ट तथा निर्माणाधीन महिला प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया जिसमें AC लगाने हेतु निर्देशित किया तथा सरकुलेटिंग एरिया के विकास से सम्बंधित कार्यो का निरीक्षण किया तथा पत्रकारों को बताया कि नवरात्र से पूर्व सभी कार्य पूर्ण कर लिए जायेंगे। निरीक्षण के पश्चात सड़क मार्ग से मिर्ज़ापुर स्टेशन पहुंचे। स्टेशन तथा सर्कुलेटिंग एरिया में पार्क के सुन्दरीकरण और स्टैंड से सम्बंधित कार्यो का निरिक्षण किया इस दौरान सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित सुलभ शौचालय का निरिक्षण किया एवं प्रशंसा किया और कहा कि इस प्रकार के शौचालय मंडल के अन्य स्टेशन पर भी बनाये जायेंगे। तत्पश्चात प्लेटफार्म सं ०१ और ०२/०३ पर स्वचालित एस्कलेटर से सम्बंधित कार्यो का निरीक्षण किया निरिक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सभी निर्माणाधीन कार्यो का जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। विन्ध्याचल एवं मिर्ज़ापुर स्टेशनों का गहन निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों के साथ मंडल रेल प्रबंधक सड़क मार्ग से चोपन पहुंचकर चोपन से इलाहाबाद तक गाड़ी सं १४३६६ त्रिवेणी एक्सप्रेस की पंक्चुअल रनिंग चेक किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित तथा मंडल परिचालन प्रबंधक आकंशु गोविल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ प्रथम आलोक कुमार, तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# होटल घोटाले में आईआरसीटीसी के पूर्व ग्रुप मैनेजर पर चलेगा अभियोग

## पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद की भी बढ़ेंगी मुश्किलें




रे.स.ब्यू./सू. नई दिल्ली। भारतीय रेल के महारत्न व मिनिरत्न "सार्वजानिक उपक्रम" में आये दिन भ्रष्टाचार के नये नये मामले सामने आ रहे हैं, कहीं राइट्स के अधिकारी की रिश्वतखोरी का मामला है,तो कहीं टेंडर के बदले घूसखोरी का, कहीं पैसों के बदले पद्दोनती का तो कहीं होटल घोटाले में अधिकारियों की सांठगांठ का, आजकल तो ऊँचे पदों पर विराजमान अधिकारी खुद के गिरेबान को साफ़ दिखाने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछाल कर गन्दी राजनीति को अंज़ाम दे रहे हैं। जहाँ हमारे रेलमंत्री ईमानदारी की बात करते हैं, वही कुछ अधिकारी चंद पैसो व शानो-शौकत के खातिर कानून की धज्जियां उड़ाने में पीछे नही हट रहे।

इसी सम्बन्ध में साल २००४ का आरोप है की लालू प्रसाद जब रेलमंत्री थे तब उन्होंने रेलवे अधिकारियों से मिलीभगत कर रेलवे के दो होटल जो की रांची और पुरी में स्थित था, रख रखाव कार्य के लिए विनय तथा विजय कोचर नाम के लोगों को अवैध तरीके से ठेका दिया था।इस संबंध में सीबीआई ने ५ जुलाई २०१७ को प्राथमिकी दर्ज की थी एवँ कुछ महीनों पहले ही आईआरसीटीसी के पूर्व ग्रुप मैनेजर बी.के.अग्रवाल का सम्बन्ध उजागर हुआ था, अग्रवाल पर पूर्व रेलमंत्री लालू व उनके परिवार को फायदा पहुँचाने व जानबुझकर मामले को कमज़ोर कर रफा-दफा करने का आरोप सामने आया था, ना जाने ऐसे कितने मामले हैं और कितनो का अभी उजागर होना बाकी है, सूत्रों के अनुसार रेल मंत्रालय के एक वरिष्ट अधिकारी के हवाले से जानकारी मिली है कि पीयूष गोयल ने इस अधिकारी पर अभियोग चलाने की अनुमति दे दी है।

उम्मीद है की हमारे रेल मंत्री इसी तरह भ्रष्टाचार को ख़त्म करने की लगातार कोशिश करते रहेंगे।

***किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।***

सम्पादकीय

## मिशन-२०१६ की ओर बढ़ती कांग्रेस

मिशन-२०१६ की ओर कांग्रेस ने अपने कदम बढ़ा लिए हैं। २०१६ के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर यूपीए-३ के गठन की तैयारी शुरू हो गई है और इसका जिम्मा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर डाल दिया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की हाल में ही हुई बैठक में पार्टी ने इस बात को स्वीकार किया कि मौजूदा स्थितियों में कांग्रेस अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर सकती। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने जीत का एक फार्मुला दिया। सचाई यह है कि आरजेडी को छोड़कर यूपीए का कोई भी पुराना घटक दल कांग्रेस और राहुल गांधी की क्षमताओं को लेकर आश्वस्त नहीं दिख रहा।बीजेपी के खिलाफ एक महागठबंधन की जरूरत इनमें से हर कोई महसूस करता है, मगर अलायंस के स्वरूप को लेकर उनकी दुविधा बार-बार उनके बयानों में झलक रही है।

जैसे, समाजवादी पार्टी कभी कांग्रेस के साथ चलने की बात करती है तो कभी इससे इनकार भी करती है। बीएसपी ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। चिदंबरम के मुताबिक, कांग्रेस अगर २०१६ लोकसभा चुनाव में १५० सीटें जीत ले जाती है तो यूपीए का नया संस्करण ३०० सीटें अपनी झोली में ला सकता है।

# DG (S&T) Inaugurates Skill Development Centre at RailTel Enterprises Limited



RSB/New Delhi: Sh. N. Kashinath, Director General (Signal & Telecom), Railway Board, New Delhi inaugurated Skill Development Centre at RailTel Enterprises Limited, Shastri Park, Delhi on 13th July, 2018. Sh. Arvind Mittal, Principal Executive Director (Signal), Railway Board, Sh. Pradeep M Sikdar, Executive Director/Sig. (Dev.), Railway Board, Sh. R. C Aggarwal, Ex General Manager, India Rly. and Sh. Arun Saksena, Ex. Advisor Signal, Railway Board & Ex GM, Indian Railways were also present. Railtel Enterprise Limited, a wholly owned subsidiary Company of RailTel Corporation of India Limited, a "Mini Ratna" (public sector) enterprise of Government of India under Ministry of Railways with a vision of becoming an International hub in the field of Train Control System & Automation organized a seminar on Design Automation Software Tools suitable for KYOSAN make EI, which was attended by Sr. Officers of India Railways, The software tool is useful of generating EI, Logic Circuit, BBCT, ISS, etc. This has been installed on RailTel Cloud for use by REL & India Railways.

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में प्रेम ग्रुप २०१८ की बैठक का आयोजन

रे.स.ब्यू./सू. इलाहाबाद। उत्तर मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिनांक ३०.०७.२०१८ प्रेम प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की बैठक २०१८ का आयोजन किया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ, अनुराग कुमार गुप्ता, मंडल चिकित्सालय से डा० राकेश निगम तथा मंडल के अधिकारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के प्रतिनिधि शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, डी के मौर्या, आर एन सिंह, हितेंद्र यादव, उत्तर मध्य रेलवे एम्पलाइज संघ के गोविन्द सिंह ,मान सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सी पी शुक्ला, आल इंडिया एससी/एसटी एसोसिएशन से आर डी प्रसाद, दिनेश कुमार, आल इंडिया ओ बी सी एसोसिएशन के उसैद अहमद, के वी पटेल, उत्तर मध्य रेलवे सुरक्षा बल एसोसिएशन के प्रतिनिधि अशरफ अली खान, प्रमोटी आफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष वी के गौतम, सचिव एन के मिश्र, क्लास वन आफिसर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मनु प्रकाश तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

## सिकंदराबाद में प्रोजेक्ट सक्षम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न




रे.स.ब्यू./संवा,सिकंदराबाद। दक्षिण मध्य रेलवे के प्रधान कार्यालय, सिकंदराबाद मंडल, हैदराबाद मंडल, नांदेड़ मंडल, लालागुड़ा कारखाना, इरिसेट, रेलवे भर्ती बोर्ड, रेल दावा अधिकरण के अनुवादकों के लिए 'प्रोजेक्ट सक्षम' प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कक्षाएं दि.१७.०७.२०१८ से दि.१६.०७.२०१८ विद्युत प्रणाली प्रशिक्षण केंद्र/लालागुड़ा में आयोजित की गई। दि. १७.०७ २०१८ को अ.आ.फड़के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, दक्षिण मध्य रेलवे ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया और इस प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार सभी वर्ग के कर्मचारियों को अपने कार्यालयीन कार्य में समर्थ बनाने हेतु इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सभी इसे गंभीरता से लें क्योंकि यह आपके दैनंदिन कार्य से जुड़ा हुआ प्रायोगिक प्रशिक्षण है।उप.महाप्रबंधक (राजभाषा) डा. श्याम सुंदर साहु ने कहा कि राजभाषा विभाग के कर्मचारी दूसरे विभाग के कर्मचारियों की प्रशिक्षण कक्षाओं में राजभाषा विषय का प्रशिक्षण देने में व्यस्त थे। इसलिए उनके लिए प्रशिक्षण आयोजित करने में देरी हुई है। सिकंदराबाद क्षेत्र के अनुवादकों के लिए इस माह में तीन दिनों के लिए और अगले माह में दो दिनों के लिए इन प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले पिछली तिमाही के दौरान विजयवाड़ा में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण के दौरान अनुवादकों को न केवल अनुवाद तकनीक, पारिभाषिक शब्दावली तथा अनुवाद से जुड़े अन्य विषयों की जानकारी दी गई, बल्कि परिचालन विभाग तथा सिगनल व दूरसंचार विभाग के प्रशिक्षकों के द्वारा तत्संबंधी विषयों की भी जानकारी दी गई ताकि स्टेशन संचालन नियम तथा अन्य तकनीकी अनुवाद करते समय विषय ज्ञान के अभाव से अनुवादकों के द्वारा अनुवाद में कोई गलती न हो। अंतिम सत्र में कर्मचारियों से फीड-बैक लिया गया और मुख्यालय के राजभाषा अधिकारी एम.के.नागराजु द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

## मैट्रो स्टेशन पर टाइम पास करने वालों का होगा चालान

नई दिल्ली। राजधानी के मैट्रो स्टेशन पर बेवजह टाइम पास करना अब पड़ेगा महँगा, अब दिल्ली मैट्रो प्रबंधन सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। मैट्रो स्टेशनों पर हर दो मिनटों में ट्रेन की व्यवस्था होने के बावजूद अक्सर यह देखा गया है कि लोग स्टेशनों की सीढ़ियों पर बैठकर टाइम पास करतें है। अभी तक दिल्ली मैट्रो की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ ऐसे लोगों को महज़ चेतावनी देकर ही छोड़ देती थी, लेकिन दिल्ली मैट्रो पुलिस के उपायुक्त दीपक गौरी और सीआईएसएफ के कमांडेंट जितेन्द्र राणा ने सुरक्षा का जायज़ा लिया, इस दौरान कई स्टेशनों पर ऐसे लोग मिले जों ट्रेन के गुजर जाने के बावजूद बेवजह बैठे मिले, सुरक्षा की दृष्टि से उनकी तलाशी भी ली गई। रे.स.ब्यू./सू.

## फ़र्जी टीटीई बन की वसूली,गया जेल

रे.स.ब्यू./संवा. इलाहाबाद। फ़र्जी टीटीई बनकर ट्रेन में वसूली करने वाला प्रदीप कुमार मौर्य को गुरूवार दिनांक १२.०७.२०१८ को नैनी जेल भेज दिया गया। गाजीपुर-बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन में चार जुलाई को फ़र्जी टिकट बरामद होने के बाद इलाहाबाद मंडल/उमरे की टीम इसकी जांच कर रही थी।

इसी के तहत मडियाहूँ स्टेशन पर फ़र्जी टीटीई प्रदीप कुमार मौर्य पकड़ा गया, उसके पास दो रेलवे की ईफटी किताब और १०८७५ रूपये बरामद हुए थे।

कम सामान अधिक आराम

# रेलवे द्वारा भिन्न क्षमता वाले कर्मचारियों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के कार्मिक विभाग ने कर्मचारी हित निधि के अंतर्गत भिन्न क्षमता वाले रेल कर्मचारियों के कल्याण के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया। इन गतिविधियों में ऐसे कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन, इनके जीवन को आसान बनाने के लिए उपकरण/सहायक सामग्री उपलब्ध कराने जैसे उपाय शामिल हैं। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, विश्वेश चौबे ने नई दिल्ली स्थित बड़ौदा हाउस में आयोजित एक समारोह में भिन्न क्षमता वाले कर्मचारियों और उनके बच्चों को चार मोटरयुक्त व्हील चेयरों और नौ स्मार्ट केनों का वितरण किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक, राजेश तिवारी, उपमुख्य महाप्रबन्धक चन्द्रलेखा मुखर्जी प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, कुसुम सिंह सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं फेडरेशन एवं यूनियन के प्रतिनिधीगण भी उपस्थित थे। कुसुम सिंह ने भिन्न क्षमता वाले कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि ऐसे कर्मचारियों के कल्याण के लिए इस तरह की गतिविधियां आगे भी जारी रहेंगी। उत्तर रेलवे भिन्न क्षमता वाले लोगों को न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है बल्कि सुगम पहुँच वाले कार्यालय परिसर, कैन्टीन जैसी जगहों तक आसानी से आने-जाने की सुविधा प्रदान करके उन्हें गतिशील रखने में भी समर्थ बना रही है। इन कर्मचारियों की गतिशीलता को और बढाने के लिए कर्मचारी हित निधि से मोटरयुक्त व्हील चेयर, तिपहिया, स्मार्ट केन इत्यादि का वितरण किया जाता है। उत्तर रेलवे अपने कर्मचारियों के लिए उपयुक्त कार्य-वातावरण बनाने के लिए नियमित आधार पर ऐसे प्रयास करती रहती है ताकि यह कर्मचारी अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकें।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समयपालन**

# SER'S TABLE TENNIS TEAM EMERGES CHAMPIONS IN ALL INDIA RAILWAY TABLE TENNIS CHAMPIONSHIP

**RSB/Kolkata: South Eastern Railway Men's Table Tennis Team emerged Champions in the All India Railway Table Tennis Championship-2018-19 held at Rae Bareli from 21.07.18 to 25.07.2018. The Runners up was Southern Railway while 3rd and 4th positions were secured by Eastern Railway and Chittaranjan Locomotive Works. In the Men's Singles, Anirban Ghosh of South Eastern Railway won the Gold while Anirban Nandi of South Eastern Railway bagged Silver Medal. In the Women's Singles, Anindita Chakraborty of South Eastern Railway won Silver. Ajay Vijayvargiya, General Manager, South Eastern Railway felicitated the Table Tennis Team of this Railway for its outstanding performance in the All India Railway Table Tennis Championship at SER Head-quarters, Garden Reach, Kolkata on 30.07.2018.**

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा,क पया अपने सुझावों आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

**कम सामान अधिक आराम**

# रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा सराहनीय कार्य

रे.स.ब्यू./सू. गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं उन्हें बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, गोरखपुर के सहायक उपनिरीक्षक एवं स्टाफ को ३१ जुलाई, २०१८ को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान ०५ लड़के आयु १२, १३, १३, १२, १० वर्ष लावारिस हालत में मिले। पूछताछ करने पर लड़कों द्वारा परिजनों का मोबाइल नम्बर बताया गया तथा परिजनों से सम्पर्क किया। परिजनों के नहीं आने के कारण सुर्पुदगीनामा बनाकर लड़को को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सौंप दिया गया। रे.सु.ब. पोस्ट, लखनऊ जं.के सहायक उपनिरी. एवं स्टाफ २६ जुलाई, २०१८ लखनऊ जं. स्टेशन अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु गश्त पर थे तभी मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ द्वारा सूचना दी गई कि एक १४ वर्ष का गुमशुदा लड़के का नाम व हुलिया के साथ सूचना दी गई। स्टाफ द्वारा दी गई सूचना अनुसार लखनऊ जं. के प्लेटफार्म १/२ पर बरामद कर उससे पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर लड़के द्वारा बताये गये मोबाइल नम्बर उसके परिजन को सूचित किया गया। पोस्ट पर परिजन के उपस्थित होने पर सुर्पुदगीनामा बनाकर परिजन को सौंप दिया गया।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा,क पया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# SER RPF PERSONNEL REALISED AN AMOUNT OF RS 62.87 LAKHS & HUGE CONTRABAND GOODS

**RSB/Kolkata:Railway Protection Force of South Eastern Railway has been playing active role in addres-sing security concerns and ensuring secured environment for passenger over the railways. The vast reserve of railway property is required to be protected by the RPF with utmost sincerity and alertness. With the increase in the quantum of traffic over the railways, incidence of theft and pilferage also spread over the railways. SER's RPF team has successfully kept o-n guarding the railway property against theft and other crimes. During the month of June 2018, SER's RPF Personnel has done a lot of security work to foil the criminal activity over four Divisions of this railway. The key security activities during the month of June are given as under:- ·18 criminals were arrested for theft of passenger belongings at different stations over SER. · 43 numbers of bags and belongings were recovered. This apart 900 grams of opium, 25 kg Ganja, 240 bags of Bhang, 18 bottles of foreign liquor and 24 bundles of Kendu leaves were also realised. ·46 offenders were arrested under RP (UP) Act for unlawful possession of railway property and an amount of Rs. 2,57,820/-was realised. ·5500 offenders including 2 touts and 631 unauthorized venders/ hawkers were booked under different sections of the Railway Act with realization of fine amounting to Rs. 11, 63, 810/- · 23,879 ticketless travellers were apprehended during the joint drives conducted by RPF and Commercial Deptt. and an amount of Rs. 48,66,135/- was realized as fine from them. ·20 minor Boys and 22 minor Girls were rescued by RPF Personnel and handed over to their parents/NGO viz. child line etc.**

# भूमिगत केबिल रोकेगा बिजली चोरी

रे.स.ब्यू./सू. इलाहाबाद। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अतुल निगम ने वाराणसी में इलाहाबाद,मिर्जापुर और आजमगढ़ मंडलों की समीक्षा। इस दौरान उन्होंने कहा कि लाईन लास व बिजली की चोरी रोकने के लिए भूमिगत केबिल बिछाई जाएगी।

इसके लिए संबंधित विधुत खंड को एक करोड़ रूपये दिए जायेंगे, अतुल निगम ने कहा कि लाइन लास को पन्द्रह फीसदी तक लाना है।

# राजभाषा प्रदर्शनी में सभी विभागों का प्रदर्शन उत्कृष्ट- संजीव राय

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक संजीव राय ने राजभाषा विभाग द्वारा मालीगांव स्थित रंगभवन में आयोजित राजभाषा प्रदर्शनी में कहा कि मुख्यालय के सभी विभागों, मंडलों तथा कारखानों ने राजभाषा में किए जा रहे विभिन्न कार्यो का उत्क ष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अहिंदी भाषी क्षेत्र होने के बावजूद यहां राजभाषा में काफी कार्य किया जा रहा है इसे और भी बढ़ाए जाने की आवश्यकता हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी विभाग, मंडल और कारखाने आपसी समन्वय कर राजभाषा के कार्य को और अधिक बढ़ाने का कार्य करें। जिन कार्यालयों में बेहतर कार्य हो रहा है उनका अनुकरण दूसरे विभाग भी करें और अपनी संवैधानिक दायित्व को पूरा करें। इसके पहले महाप्रबंधक के कर कमलों से राजभाषा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक के साथ अपर महाप्रबंधक और मुख्य राजभाषा अधिकारी सहित विभिन्न प्रमुख विभागाध्यक्षों ने राजभाषा प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टाल में जाकर प्रदर्शनी में प्रस्तुत सामग्रियों का अवलोकन करते हुए इसे और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। इस



प्रदर्शनी में मुख्यालय मालीगांव के १३ विभागों, ५ मंडलों तथा २ कारखानों ने राजभाषा में किए जा रहे विभिन्न कार्यो को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया।

इस प्रदर्शनी की प्रतियोगिता के निर्णायक प्रमुख मुख्य इंजीनियर राजीव राजवंशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी श्रुति अग्निहोत्री एवं वरिष्ठ उप महाप्र. एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी राज कुमार मंगला थे। प्रदर्शनी की उत्क ष्टता को देखते हुए निर्णायको को निर्णय लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। निर्णायक मंडली के निर्णयों के अनुसार इंजीनियरी एवं यांत्रिक विभाग के प्रदर्शन को प्रथम स्थान दिया गया। दूसरे स्थान में सिगनल एवं दूर संचार विभाग आया। मंडलों में लामडिंग मंडल प्रथम रहा जबकि कारखानों में डिब्रूगढ़ कारखाना को प्रथम घोषित किया गया। इनके अलावा सभी प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता शील्ड से सम्मानित किया गया। इसके पहले महाप्र. संजीव राय तथा अन्य अधिकारियों का रेल सुरक्षा बल के बैंड और भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर अगवानी की गई। इस समारोह के दूसरे भाग में अपर महाप्रबंधक लोकेश नारायण की अध्यक्षाता में एक भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में नगर के सौरभ जैन और दीपिका सुतोदिया को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया गया था। इनके अलावा रेलवे के १६ कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। इनमें पूर्वोत्तर सीमा रेल महिला कल्याण संगठन की मुक्ता शर्मा और बविता चंद्रा शामिल थी। इन कवियों में मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक राजेंद्र कुमार सौंध के भावना प्रधान काव्य पाठ ने श्रोताओं का मन मोह लिया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए अपर महाप्रबंधक लोकेश नारायण ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रेल कर्मियों की छिपी हुई प्रतिभा को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजनों की सख्त आवश्यकता है।

इस आयोजन के लिए उन्होंने राजभाषा विभाग की सराहना की। कवि सम्मेलन के आरंभ में अध्यक्ष द्वारा सभी कवियो का असम की परंपरा के अनुसार गोमुछा से स्वागत किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी राज कुमार मंगला ने अपने स्वागत भाषण में राजभाषा विभाग में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उप महाप्रबंधक (राजभाषा) लक्ष्मण शिवहरे ने कहा कि सभी कार्यालय राजभाषा में उत्तम कार्य कर रहे है और इसे सामने लाने के लिए ही प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक संजीव राय द्वारा प्रदर्शनी के विजेताओं को शील्ड देकर तथा कवि-कवियित्रियों को स्म ति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन मधुमिता चक्रवत, वरिष्ठ अनुवादक एवं सतविंदर कौर आशुलिपिक ने किया। कवि सम्मेलन का सुमधुर संचालन करते हुए अलीपुरद्वार मंडल के वरिष्ठ अनुवादक विनोद शर्मा ने उपस्थित श्रोताओं को अपनी काव्यात्मक प्रस्तुति से प्रभावित किया। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर सीमा रेल के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती निधि राय, श्रीमती रश्मि नारायण एवं दीपाली मंगला के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की सफलता के लिए राजभाषा विभाग के सर्वश्री ब्रजेन मोहन बोड़ो, सतीश कुमार दूबे, संजय कुमार गुप्ता, एम.एस.राव, म णाल मेधी, हरगोविंद महंत, विजाय प्रताप यादव,आदि ने अथक परिश्रम किया।

कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी सहदेव सिंह पुरती के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। रे.स.ब्यू./सू.

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य युवा सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य युवा सम्मेलन का आयोजन दिनांक २७.०७.२०१८ से ३१.०७. २०१८ स्काउट कुटीर, गोरखपुर मे किया गया। शिविर के अन्तिम संध्या पर महाशिविराग्नि कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ राजीव अग्रवाल महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाप्रबन्धक एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन बालक बालिकाओं के चरित्र विकास के साथ समाज सेवा व रेल सेवा मे अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।_शिविरार्थियों द्वारा शिविराग्नि कार्यक्रम के अन्तर्गत रंगारंग सांस्क तिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गयी जिसमें विशेष रूप से भोजपुरी, पंजाबी, राजस्थानी एवं गुजराती लोक न त्य के साथ योगा व शिवतांडव का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

विशाल शिविराग्नि कार्यक्रम का संचालन अशोक श्रीवास्तव 'महर्षि' एवं रिचा चौहान ने किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा राज्य के मुख्य राज्य आयुक्त एन.के.अम्बिकेश प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं राज्य आयुक्त (गाइड) श्रीमती कविता अम्बिकेश को संस्था के गतिविधियों में किये गये योगदान को देखते हुए महाप्र. महोदय ने सम्मानित किया। रंजीत कुमार शर्मा राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट), अनुज रंजन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट) एवं श्रीमती सविता पाण्डेय राज्य संगठन आयुक्त(गाइड) के नेत त्व में आयोजित इस सम्मेलन में पूर्वोत्तर रेलवे राज्य के जिला संघ इज्जतनगर, लखनऊ, गोण्डा, गोरखपुर, रेलवे स्कूल, बालिका विद्यालय, वाराणसी, डी.एल. डब्ल्यू. से लगभग २२५ स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं उनके लीडर्स ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

स्मारोह मे पूर्वोत्तर रेलवे प्रमुख मुख्य यॉत्रिक इंजीनियर ए. के. सिंह, वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक निखिल पाण्डेय, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक आलोक सिंह, मुख्य संचार इंजीनियर वी. आर.विप्लवी, मुख्य सिगनल इंजीनियर एस.एन.साह, राज्य सचिव एवं सचिव महाप्रबन्धक डी. के.खरे सहित काफी संस्था में स्काउट गाइड पदाधिकारियों सहित रेल कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थें।

राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन को सफल बनाने हेतु संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती कमलासिनी तिवारी, अनुज कुमार, अरविन्द चन्द, शैलेश कु० श्रीवास्तव सुनील कुमार, मुस्ताक अली, अजय कुमार सिंह,एस.एम.एस.आजमी,गंगा शंकर मिश्रा, पूनम तिगा, अमित प्रताप, सतीश चन्द, राकेश शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

# शीघ्र शुरू होगा कोंकण रेलवे कोल्हापुर-वैभववाड़ी रेलमार्ग का कार्य



नई दिल्ली। कोंकण रेलवे के १०३ किलोमीटर लंबे वैभववाड़ी सेक्शन पर काम जल्दी ही शुरू होगा। यह फैसला नई दिल्ली मे वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में हुई कोंकण रेलवे की समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, कोंकण रेलवे के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मंत्री महोदय ने इस अवसर पर कहा कि कोल्हापुर वैभववाड़ी रेल सेक्शन न केवल कोंकण रेलवे के लिए बल्कि संबंधित क्षेत्र और पूरे महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी होगा। इससे महाराष्ट्र का तटवर्ती क्षेत्र राज्य के पश्चिमी हिस्से से सीधे जुड़ जाएगा जिससे तटवर्ती क्षेत्र के बंदरगाहों का तेज विकास होगा तथा वहीं दूसरी ओर राज्य के भीतर से तटवर्ती क्षेत्रों तक सामानों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। मंत्री महोदय ने इस अवसर पर कहा कि भविष्य में राज्य का आर्थिक विकास राज्य के तटवर्ती क्षेत्रों का राज्य तथा देश के मुख्य हिस्सों से जुड़ने पर निर्भर करेगा। कोंकण रेलवे के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मंत्री महोदय को बताया कि कोंकण क्षेत्र में और गांवों तथा छोटे शहरों के लिए रेल सेवाएं बढ़ाने के लिए ही इस मार्ग पर नए नए स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ऐसा पहला स्टेशन अगले साल जनवरी में बनकर तैयार हो जाएगा। कोल्हापुर-वैभववाड़ी लाइन को रेल मंत्रालय की ओर से मंजूरी मिल चुकी है। इसके निर्माण पर आने वाले खर्च का ५०फीसदी हिस्सा भारतीय रेल वहन करेगी जबकि बाकी महाराष्ट्र सरकार देगी। रे.स.ब्यू./सू.

### किताबों में मुझे सपने दिए

किताबों से मेरी दोस्ती बहुत पुरानी है, किताबों ने मुझे सपने दिए, सपने मेरे जीवन का मकसद बन गए, मकसदों को हकीकत में ढालने की कुव्वत भी किताबों ने बक्शी, मायूसियों के आलम में किताबों ने हौसला दिया, किताबें मेरे लिए फरिश्ता है, ये मेरे दिल को छूती हैं, मैं अपने नौजवान दोस्तों से कहता हूँ,किताबों से दोस्ती कर लो।

ए.पी.जे अब्दुल कलाम

# महात्मा गांधी के पौत्र को राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार

रे.स.ब्यू./सू. नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रहे गोपालेक ष्ण गांधी को इस वर्ष राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार के लिए चुना गया है, यह पुरस्कार गोपाल गांधी को २० अगस्त पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरुप गोपाल गांधी को प्रशस्ति पत्र और १० लाख की नगद राशि प्रदान की जायेगी। मंगलवार दिनांक ३१.०७.२०१८ को राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार चयन समिति के सदस्य सचिव एवं कांग्रेस के कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा ने गोपालक ष्ण गांधी को चुने जाने की घोषणा की।

गोपाल क ष्ण गांधी पिछले वर्ष हुए विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भी थे। राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार अब तक मदर टेरेसा ,उस्ताद बिस्मिला खान, निर्मला देश पाण्डेय,शुभा मुद्गल, दिलीप कुमार जेसी हस्तियों को प्रदान किया जा चुका है।

# गंगा की सफाई को नहीं उठा कोई प्रभावी कदम

नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गुरूवार दिनांक १६.०७.२०१८ को गंगा की सफाई को लेकर उत्तराखंड सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की गहरी निराशा जाहिर की। एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस ए.के. गोयल ने कहा की शायद ही गंगा की सफाई को लेकर को सख्त कदम उठाया गया है,उन्होंने कहा कि अधिकारियों के तमाम दावों के बावजूद भी सफाई को लेकर धरातल पर को काम नहीं हुआ है। रे.स.ब्यू./सू.

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# फिर जीवंत होगा भाप युग की रेलगाड़ी का रोमांच



नई दिल्ली। जॉर्ज स्टीफेन्सन के भाप लोकोमोटिव ने २०० साल पूर्व मानव जाति की जीवन शैली को सदैव के लिए बदल दिया था। जब स्टीम इंजनों के द्वारा आवागमन सुद ढ़ हुआ तथा इसे अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ा। मानव जाति के लिए भाप कर्षण १८५३ में भारत आया तथा उसी साल १६ अप्रैल को इसे भारत वर्ष में बॉम्बे से ठाणे के बीच चलने वाली पहली रेलगाड़ी में उपयोग किया गया।

१९६० में भारतीय रेल में भाप कर्षण अपने चरम पर रहा जब चपटी नाक वाले ऐरो-डायनेमिक डब्ल्यूपी और बड़े पैमाने पर डब्ल्यूजी ने भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक की दूरी तय करते हुए गति और विस्तार से लोगों को जोड़ा जिसकी कल्पना किसी ने पहले नहीं की। तथापि, विद्युत कर्षण की शुरुआत तथा बाद में त्वरित डीजल के आरंभ के साथ, रेलवे में भाप रेलगाड़ियों के शानदार दिन समाप्त हो गए थे तथा धीरे-धीरे इन भाप सुंदरियों को जंक यार्ड में भेज दिया गया और कुछ भाग्यशाली सुंदरियों ने स्वयं को अपनी मूलाक ति की एक छाया प्रति के तौर पर रेलवे कार्यालयों के सामने एक पेडस्टल पर पाया। भाप इंजनों के इतिहास को जीवंत बनाए रखने के लिए इसके महत्व को समझते हुए भारतीय रेल संग्रहालय के तत्कालीन निदेशक एवं वर्तमान में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, अश्विनी लोहानी ने १९९७ में फेयरी क्वीन को पुनः शुरु किया था, ऐसा कार्य जिसे किसी भी मानक द्वारा कगार से वापस लाया गया एक स्मारक माना जाता है। भाप इंजनों की बहाली के उनके एकल प्रयास को लोको गेज के पुनर्जन्म के तौर पर देखा गया है जिसमें उत्तर रेलवे के रेवाड़ी स्थित भाप लोको शेड में वर्तमान में मौजूद कई लोको सम्मिलित हैं।

तथापि, इन सभी रोमांचक समयों के दौरान, इन सभी बहाली के प्रयासों और अद्भुद कार्यों में, डब्ल्यूजी श्रेणी माल ढोने का ब्रॉड गेज लोकोमोटिव गायब था क्योंकि नब्बे के दशक के आरंभ और मध य में उन्हें कबाड़ में बदलने एवं नष्ट करने के लिए जल्दी में चलाए अभियान के दौरान कुछेक ही बचे रह गए थे। १९५५ में निर्मित डब्ल्यूजी १०२५३, जो भुसावल, मध्य रेलवे में पेडस्टल पर स्थित था, की पहचान की गई तथा तब उसे रास्ते पर लाने के दुश्कर कार्य को आरंभ किया गया ताकि मरम्मत के लिए उसे उत्तर रेलवे रेवाड़ी स्टीम वापस लाया जा सके।

अश्विनी लोहानी, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने इस लोकोमोटिव को कुछ माह में पहले जैसा तथा अपनी भाप पर कार्यशील स्थिति में बनाने के लिए उत्तर रेलवे को निर्देश दिए। अरुण अरोड़ा, प्रमुख चीफ मेकेनिकल इंजीनियर, उत्तर रेलवे ने जानकारी दी कि डब्ल्यूजी १०२५३ को पिछली बार १९९२ में सेवारत देखा गया था तथा लगभग २६ सालों के बाद कुछ ही महीनों में इसके फायरबॉक्स में दोबारा आग जलेगी। १० सितम्बर, २०१७ को भुसावल में उत्तर रेलवे की लोको- मोटिव का अध्ययन और सर्वेक्षण करने वाली विशेषज्ञ टीम ने पुनर्स्थापना का कार्य आरंभ किया।

बहुत सावधानीपूर्वक योजना बनाने के पश्चात, इसे मेनलाइन पर लाने का कार्य ११ मई, २०१८ को आरंभ किया गया ताकि इसे दोबारा रेल की पटरियों पर लाया जा सके जिसके लिए अंडरगियर, मूविंग कल-पुर्जो, जिनमें सस्पेंशन, बेयरिंग तथा पहिए शामिल हैं, को सर्विस योग्य बनाया जाना था। अरुण अरोड़ा ने यह जानकारी भी दी कि पेडस्टल से मेनलाइन ट्रैक पर इसका परिवहन इसके एक सौ टन से अधिक भार के कारण बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य था जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# नागपुर-मुम्बई सुपर एक्सप्रेस-वे के बराबर रेल लाइन का होगा निर्माण-पीयूष गोयल

## देश की अपने तरह की पहली परियोजना से नागपुर के आसपास के जुड़ेंगे शहर




प.सू.का./नई दिल्ली। नागपुर शहर में बड़ी लाइन नेटवर्क पर रेलवे लाइन को मेट्रो कोचों से जोड़ने और त्वरित जन परिवहन प्रणाली (एमआरटीएस) के निर्माण के लिए भारतीय रेल ने महामेट्रो (महाराष्ट्र की मेट्रो रेलवे परियोजना कंपनी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का समारोह नागपुर नगर निगम के सुरेश भट्ट सभागार में आयोजित हुआ। केंद्रीय रेल, वित्त, कारपोरेट मामले और कोयला मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय सड़क यातायात, राजमार्ग एवं जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी और शहरी विकास सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने बताया कि रेल मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ रेलवे लाइन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। ऐसे ही एक प्रस्ताव के तहत नागपुर-मुम्बई सुपर एक्सप्रेस-वे (सम द्धि महामार्ग) को नागपुर- मुम्बई रेल लाइन से जोड़ा जाएगा। ऐसे हाई-स्पीड रेल गलियारे के निर्माण से नागपुर और मुम्बई के बीच की दूरी सिर्फ ५ घंटे की रह जाएगी। भारतीय रेल ने मुम्बई में उप-नगरीय रेल नेटवर्क के विकास के लिए रिकार्ड ६७ हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल भारत में कुल रेल यात्रियों में से एक-तिहाई रेल यात्री करते हैं। इस अवसर पर नागपुर नगर निगम के 'वेस्ट टू एनज प्रोजेक्ट' का शिलान्यास भी किया गया। इसके साथ महाजेन को परियोजना का शिलान्यास समारोह भी आयोजित किया गया, जिसके तहत पाइप कंवेयर प्रणाली के जरिये वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की खानों से कोयले की ढुलाई की जा सके। सड़क यातायात, राजमार्ग एवं जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी ने मेट्रो शहरों में बढ़ते प्रदूषण की चर्चा करते हुए 'विद्युत जन यातायात' की वकालत की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे निजी यातायात के बजाय जन यातायात का इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि बड़ी लाइन पर चलने वाले वातानुकूलित मेट्रो कोचों की गति १०० किलोमीटर प्रति घंटा होगी जो साधारण पैसेंजर गाड़ियों की गति से काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि इस समझौता- ज्ञापन से नागपुर से कुछ दूरी पर स्थित भंडारा और वर्धा जैसे शहर नजदीक आयेंगे और उपग्रह शहरों के रूप में विकसित होंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि ये तीनों परियोजनाएं अनोखा प्रयास हैं और पूरे राष्ट्र के लिए मानक होंगी। उन्होंने बताया कि खानों और बिजली संयंत्रों से प्राप्त पानी का इस्तेमाल महाराष्ट्र में १० हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए किया जा रहा है।इस अवसर पर आयोजित समारोह में महाराष्ट्र में रेल विकास पर 'न्यू रेलवेज न्यू महाराष्ट्र' नामक पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधियो, महामेट्रो, एनएमसी, महाजेन को, भारतीय रेल के अधिकारियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा बड़ी तादाद में आम जनता ने भागीदारी की।

# राजीव अग्रवाल ने संभाला महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे का पदभार

रे.स.ब्यू./संवा. इलाहाबाद। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक राजीव अग्रवाल ने अपने दायित्वों के साथ ही रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार ३१ जुलाई २०१८ को उत्तर-मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक का भी पदभार ग्रहण किया।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक, राजीव अग्रवाल १९८२ में भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (आई. आर.एस.ई.ई.) के अधिकारी के रूप में रेल सेवा में आये। अपने उत्कृष्ट कैरियर के दौरान राजीव अग्रवाल ने अनेक महत्वपूर्ण पदों पर उललेखनीय पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है। अग्रवाल ने मुख्य विद्युत इंजीनियर /मध्य रेलवे, मण्डल रेल प्रबन्धक/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्य विद्युत लोको इंजीनियर, पूर्व-मध्य एवं पश्चिम रेलवे तथा मुख्य विद्युत इंजीनियर/रोलिंग स्टाक, मुम्बई रेलवे विकास निगम के पदो के दायित्वों का निर्वाह सफलतापूर्वक किया। आपको विद्युत इंजनों, टी. आर.डी. इन्स्टालेशनों, ई.एम.यू. एवं अन्य रेलवे प्रति ठानों के अनुरक्षण, संचालन एवं प्रबन्धन का गहन अनुभव प्राप्त है।

राजीव अग्रवाल ने जापान, स्पेन और यू.एस.ए. में अनेक प्रबन्धन एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अग्रवाल को रेल प्रबन्धन एवं प्रशासन का गहन अनुभव है।

# गठबंधन का अंतिम फैसला अखिलेश का होगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार दिनांक २८.०७. २०१८ को पार्टी मुख्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें गठबंधन का अंतिम फैसला लेने के लिए अखिलेश यादव को अधिक त किया गया, यह बातें प्रमुख महासचिव प्रो.राम गोपाल यादव ने पत्रकारों से कहीं। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश यादव ने ही कि, हालांकि बैठक में मुलायम सिंह यादव मौजूद नहीं थे। उनहोंने यह भी बताया कि आगामी होने वाले लोकसभा एवँ विधानसभा चुनावों में चुनाव बैलट पेपर से कराने की भी पार्टी चुनाव आयोग से मांग करेगी। रे.स.ब्यू./सू.

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

# KANWARIA SPEACIAL TRAINS

**RSB/New Delhi:** In order to clear extra rush of passengers and for the convenience of the Kanwarias during Month of Sawan, Northern Railway has decided to extend the following trains to / from Haridwar as per the following programme:

**EXTENSION OF 74023/74022 DELHI- SHAMLI DEMU UPTO HARIDWAR:** The 74023 Delhi-Shamli DEMU after arriving Shamli at 11.00 pm will depart from there at 11.02 p.m. for its onward journey to Haridwar and will arrive at Haridwar at 01.55 a.m the next day from 28.07. 2018 to 09.08.2018 (Total 13 trips). While in the return direction the 74022 Haridwar-Delhi DEMU will depart from Haridwar at 02.05 a.m. to arrive at Shamli at 05.30 a.m. the same day and depart from there at 05.40 a.m. for its onward journey to Delhi from 29.07.2018 to 10.08.2018. (Total 13 trips) On the extended portion the 74023/74022 will stop at Thana Bhawan, Rampur Maniharan, Tapari, Roorkee and Jawalapur stations in both the direction.

**EXTENSION OF 64557/64558 DELHI- SAHARANPUR MEMU UPTO HARIDWAR:** The 64557 Delhi- Saharanpur MEMU after arriving Saharanpur at 09.50 p.m. will depart from there at 10.35 p.m. for its onward journey to Haridwar and will arrive at Haridwar at 00.45 a.m the next day from 28. 07.2018 to 09.08. 2018(Total 13 trips). While in the return direction the 64558 Haridwar-Delhi MEMU will depart from Haridwar at 01.10 a.m. to arrive at Saharanpur at 03.30 a.m. the same day and depart from there at 04.25 a.m. for its onward journey to Delhi from 29.07.2018 to 10.08.2018 (Total 13 trips) . On the extended portion the 64557/ 64558 will stop at Roorkee and Jawalapur stations in both the direction.

**ADDL. STOPPAGE TO TRAINS AT JAWALAPUR AND MOTICHUR STATION:** Two min. addl. stoppage to 19031/19032 Mumbai-Haridwar Yoga Exp. 14113/14114 Aligarh-Dehradun - Aligarh Link Exp. & 14711/14712 Haridwar-Sriganga-nagar-Haridwar Intercity Exp. trains will be provided at Jawalapur station while addl. stoppage to 14609/14610 Rishikesh-Katra-Rishi-kesh Hemkunt Exp. will be provided at Motichur station.

## एस. एन. अग्रवाल बने रेलवे बोर्ड के नए सदस्य (कार्मिक)



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। एस.एन. अग्रवाल ने रेलवे बोर्ड के नए सदस्य तथा भारत सरकार के पदेन सचिव के रूप में पदभार संभाला। इससे पहले अग्रवाल, दक्षिण-पूर्व रेल, कोलकाता के महाप्रबंधक थे। एस.एन. अग्रवाल एक सिविल इंजीनियर हैं और भारतीय रेल अभियांत्रिकी सेवा के १९८० बैच के अधिकारी हैं। मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर तथा प्रधान मुख्य इंजीनियर, पश्चिम रेलवे, मुंबई समेत पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे, उत्तर-मध्य रेलवे, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे, आरडीएसओ आदि के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का उन्हें समृद्ध अनुभव है। अग्रवाल ने भारत तथा यूएसए, आस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में कई तकनीकी पत्र प्रस्तुत किए हैं। एस.एन. अग्रवाल को खेल तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में गहरी रूचि है।

*ट्रेन की छत, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें, जिससे जान व माल की हानि हो ।*




## सभी पाठकों को रेल समाचार ब्यूरो की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




### पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

प्रधान सम्पादक एव प्रकाशकः
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
मुद्रक- एस.एस. प्रिन्टर्स, बाघम्बरी अल्लापुर, इलाहाबाद। से मुद्रित एवं कैम्प केन्द्रीय कार्यालय ५०२, पंचशिला त्रिवेणी रोड, इलाहाबाद। (वितरण केन्द्र) केन्द्रीय कैम्प कार्यालय ८४/३६ आर्य नगर पहाड़गंज नई दिल्ली-५६ फोन नं. -०५३२-२४१८०४० फैक्स नं- ०५३२-२५५८८४७ आर.एन.आई नं. ५१०६७-६०- पोस्ट ए.डी-८ कम्पूटीरक त प्रेस इ. ब्लाक वर्क्स जीरो रोड, इलाहाबाद

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा**

## अगले अंक में

१. उत्तर रेलवे ने चलाया टिकट जाँच अभियान
२. नहीं रुक रही है स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग।
३. वित्तीय वर्ष २०१७-१८ में टिकट चेकिंग आय में हुई अभूतपूर्व व द्धि।
४. रेल मन्त्रालय द्वारा जारी पत्रों की सुनवाई।
५. रेल विभागीय द्वारा जारी पत्रों पर सुनवाई।
६. महाप्रबंधक द्वारा अत्याधुनिक रेल प्रगति पर अपने विचार।
७. रेल मजदूर यूनियन का आपसी तालमेल।
८. पिछड़ी जातियों को रेल में कितना दखल।
९. रेल राजपत्रित अधिकारियों के कानूनी प्रकार।

## सभी डी.आर.यू.सी.सी.सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है,क पया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की क पा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044

### रेल कर्मी-मैरिज ब्यूरो

सभी रेल कर्मियों के सुविधा हेतु मैरिज ब्यूरो सम्बन्धी एक बाक्स प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें रेल कर्मी मात्र एक सौ रुपये भेज कर वर-बधु का परिचय पत्र तीन बार प्रकाशित करा सकते हैं।

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव - प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो
प्रधान सम्पादकः- रेल समाचार ब्यूरो
Phone : (0532) 2418040 Fax : (0532) 2558847
Mobile : 9793956044, 8826765066

### संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

***Railway Passengers Safety & Amenities Association***

***Aim of the Society is to serve the Railway Passengers***

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar Paharganj, New Delhi-55 (U.P.)
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Punchsilla, Triveni Road, Kydganj Allahabad.
Ph. : 2418040 Fax : 0532-2558847
(M) 9793956044, 8826765066
Office Sect. :
S. Katar, Jawahar

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*